लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी विक्रम संवत 2082
अमृत विचार
वर्ष 6, अंक 233, पृष्ठ -14+4, मूल्य- 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
5.0° | 28.0°
बरेली, रविवार, 13 जुलाई 2025
डिजिटल माध्यम से वैश्विक
PAGE NO : 04 TOP

# फाइनल में भिड़ेंगे स्पोर्ट्स स्टेडियम व एसआरएमएस

## स्टेडियम में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच हुए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंडर 14 जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को दोनों सेमीफाइनल मैच खेले गए। स्पोर्ट्स स्टेडियम ने जूनियर चैंप और एसआरएमएस ने बरेली राइडर्स को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच 14 जुलाई को स्पोर्ट्स स्टेडियम और एसआरएमएस के बीच खेला जाएगा।

पहले सेमीफाइनल में स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 182 रनों का स्कोर बनाया। जिसमें कैप्टन कुशाग्र ने 15 गेंदों में ताबड़तोड़ 54 रनों की पारी खेली। जूनियर चैंप के लिए गेंदबाजी में बसर ने तीन और धर्मेंद्र ने दो विकेट झटके। जूनियर चैंप 13.1 ओवरों में मात्र 29 रनों बना सकी और 153 रनों से हार गई। शिवा यादव के 15 रन नाबाद के अलावा कोई भी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। स्टेडियम के लिए गेंदबाजी में विवान ने चार ओवर में 7 रन देकर चार और हेमंत ने तीन विकेट झटके। मेन ऑफ द मैच विवान गंगवार को दिया गया।



शॉट मारता बल्लेबाज। ● अमृत विचार

दूसरे सेमीफाइनल में बरेली राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर मात्र 87 रन ही बनाए। एसआरएमएस के गेंदबाजी में हर्ष ने चार ओवरों में 14 रन देते हुए पांच विकेट लिए। एसआरएमएस ने तीन विकेट खोकर 88 रन बनाकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। बरेली राइडर्स के लिए गेंदबाजी में अनिकेत ने 2, अमरदीप ने 1 विकेट प्राप्त किया। मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार एसआरएमएस के हर्ष को दिया गया।

इस अवसर पर राजेश यादव, आशू भारती, अमित कुमार यादव, मनीष सिंह, मुहम्मद यूसुफ, अब्दुल जिशान, मुहम्मद कमर, अभिषेक कुमार, अर्पित गंगवार, शिवांशु पांडेय, मनोज सागर आदि उपस्थित रहे। कोच नितेश भारद्वाज ने बताया कि फाइनल मैच 14 जुलाई को स्टेडियम में खेला जाएगा।

## इज्जतनगर मंडल आरपीएफ ने वालीबॉल प्रतियोगिता जीती

**बरेली ,अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) टीम ने अंतर मंडलीय रेलवे सुरक्षा बल वालीबॉल प्रतियोगिता-2025 में शानदार जीत दर्ज की। 10 और 11 जुलाई को वसुंधरा प्रेक्षागृह, वाराणसी में आयोजित प्रतियोगिता का फाइनल मैच इज्जतनगर और वाराणसी मंडलों की टीमों के बीच हुआ। इज्जतनगर मंडल की टीम ने तीनों सेटों में दबदबा बनाए रखा और 25-14, 25-18 और 25-20 से सीधे सेटों में जीत हासिल कर ओवरऑल विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर इज्जतनगर मंडल के शशि प्रकाश सिंह को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, सुशील कुमार को बेस्ट स्ट्राइकर, अजीत पासवान को बेस्ट बूस्टर चुना गया, जबकि वाराणसी मंडल के अक्षय पासवान को बेस्ट लिब्रो घोषित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा, मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार श्रीवास्तव, अपर मंडल रेल प्रबंधक, शाखा अधिकारी, कर्मचारी और खेल प्रेमियों ने टीम को बधाई दी।